
TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

**10 अक्टूबर 2025**

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

आप अपने नाम की वजह से उत्कृष्ट नहीं बनते

बल्कि श्रेष्ठ गुणों की वजह से उत्कृष्ट बनते हैं।

एन आर नारायणमूर्ति



राकेश कुमार

मधु प्रिया

# राष्ट्रीय डाक सेवा 10 अक्टूबर

भारतीय डाक की सेवा को राष्ट्रीय डाक दिवस द्वारा सम्मानित किया जाता है, जो हर साल 10 अक्टूबर को मनाया जाता है। भारत में डाक सेवा की व्यवस्था साल 1766 में स्थापित की गई और भारत में पहला डाकघर 1786 में मद्रास में स्थापित किया गया। 1877 में पार्सल सेवा, 1879 में पोस्ट कार्ड, 1880 में मनी आर्डर और 1911 में इलाहाबाद से पहली एयरमेल सेवा शुरू की गई। वर्ष 1766 में यानी 252 साल पहले भारत में डाक व्यवस्था शुरू हुई। 1774 में वारेन हेस्टिंग्स ने कोलकाता में पहला डाकघर स्थापित किया था। 1852 में भारत में पहली बार चिट्ठी पर डाक टिकट लगाने की शुरूआत हुई थी। 01 अक्टूबर, 1854 को भारत में महारानी विक्टोरिया के चित्र वाला डाक टिकट जारी हुआ था। 1852 में भारत में पहली बार चिट्ठी पर डाक टिकट लगाने की शुरूआत हुई थी। 01 अक्टूबर, 1854 को भारत में महारानी विक्टोरिया के चित्र वाला डाक टिकट जारी हुआ था। 1947 में जारी किए गए पहले स्वतंत्रता टिकटों की संख्या तीन थी। उन्होंने अशोक स्तंभ, (भारत का राष्ट्रीय प्रतीक), भारतीय राष्ट्रीय ध्वज और एक विमान का चित्रण किया। तब से भारत ने 3000 से अधिक डाक टिकट जारी किये हैं।

# जयंती विशेष 10 अक्टूबर




## मशहूर भारतीय उपन्यासकार

# आर. के. नारायण जी

**आर॰ के॰ नारायण** (अक्टूबर 10, 1906- मई 13, 2001) का पूरा नाम रासीपुरम कृष्णस्वामी अय्यर नारायणस्वामी था। नारायण अंग्रेजी साहित्य के भारतीय लेखकों में तीन सबसे महान् उपन्यासकारों में गिने जाते हैं। मुल्कराज आनंद तथा राजा राव के साथ उनका नाम भारतीय अंग्रेजी लेखन के आरंभिक समय में 'बृहत्त्रयी' के रूप में प्रसिद्ध है। मुख्यतः उपन्यास तथा कहानी विधा को अपनाते हुए उन्होंने विभिन्न स्तरों तथा रूपों में मानवीय उत्थान-पतन की गाथा को अभिव्यक्त करते हुए अपने गंभीर यथार्थवाद के माध्यम से रचनात्मक कीर्तिमान स्थापित किया है।

# MATH TLM

54

Class-6to8

## लाभ और हानि (profit and loss)

### हानि (loss) -

यदि किसी वस्तु का क्रय मूल्य उसके विक्रय मूल्य से अधिक हो तो, वैसी स्थिति में हानि होता है।

### हानि प्रतिशत (loss percent)-

प्रति ₹100 पर हानि को हानि प्रतिशत कहते हैं।

Anu Priya, Science Teacher

TEACHERS OF BIHAR — THE CHANGE MAKERS

# TOB खेल कॉर्नर

## WTC 2025-27

# टॉप रन स्कोरर

| खिलाड़ी | मैच | रन | औसत | 100/50 |
|---|---|---|---|---|
| शुभमन गिल | 6 | 804 | 73.09 | 4/1 |
| केएल राहुल | 6 | 632 | 57.45 | 3/2 |
| रवींद्र जडेजा | 6 | 620 | 103.33 | 2/5 |
| जो रूट | 5 | 537 | 67.12 | 3/1 |
| हैरी ब्रूक | 5 | 481 | 53.44 | 2/2 |

## टॉप 5 स्कोरर

# एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी 2025

| खिलाड़ी | मैच | रन | औसत | 100/50 |
|---|---|---|---|---|
| शुभमन गिल | 5 | 754 | 75.40 | 4/0 |
| जो रूट | 5 | 537 | 67.12 | 3/1 |
| केएल राहुल | 5 | 532 | 53.20 | 2/2 |
| रवींद्र जडेजा | 5 | 516 | 86.00 | 1/5 |
| हैरी ब्रूक | 5 | 481 | 53.44 | 2/2 |

# Teachers of Bihar
The Change Makers

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द **10.10.2025**

## गतिसंवेदी

गतिसंवेदी **(Kinesthetic)** का अर्थ है शारीरिक क्रियाओं और शारीरिक जागरूकता के माध्यम से सीखने की क्षमता; यह एक ऐसी शिक्षण शैली है जिसमें शिक्षार्थी जानकारी को बनाए रखने के लिए शारीरिक रूप से संलग्न होते हैं, जैसे करके सीखना, भूमिका निभाना, और प्रयोग करना। गतिसंवेदी शिक्षार्थी ऐसे व्यक्ति होते हैं जिन्हें गति और शारीरिक गतिविधि की आवश्यकता होती है, क्योंकि लंबे समय तक स्थिर रहने से उनका ध्यान बाधित हो सकता है।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान



**मिलिए भारत के सबसे युवा आईआईटीयन सत्यम कुमार से महज 12 साल की उम्र में बिहार के एक छोटे से गांव के इस लड़के ने कठिन आईआईटी-जेईई परीक्षा पास कर ली**

www.teachersofbihar.org राकेश कुमार

# Teachers of Bihar

The change makers



## गुणकारी फल

### मौसंबी



मुझमें विटामिन सी,पोटेशियम, जिंक, कैल्शियम, फाइबर, कॉपर और आयरन भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं।

Anu priya

# पद्य पंकज

"


देखो, आहिस्ता चलो, और भी आहिस्ता जरा
देखना, सोच-सँभल कर जरा पाँव रखना
जोर से बज न उठे पैरों की आवाज कहीं
काँच के ख्वाब हैं बिखरे हुए तन्हाई में
ख्वाब टूटे न कोई, जाग न जाये देखो
जाग जायेगा कोई ख्वाब तो मर जायेगा ।
जुलाहे..


---

गुलजार साहब

www.padyapankaj.teachersofbihar.org

Madhu priya


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस
10 अक्टूबर
सकारात्मक सोचें स्वस्थ्य रहें
www.teachersofbihar.org
Madhu priya



# आर. के. नारायण

10 अक्टूबर 1906-13 मई 2001

www.teachersofbihar.org

Madhu priya


पुण्यतिथि पर नमन
10 अक्टूबर
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
जगजीत सिंह
8 फरवरी 1941 - 10 अक्टूबर 2011
Madhu priya
www.teachersofbihar.org